## –: आदेश :–

जिला मजिस्ट्रेट/जिला सहकारी निर्वाचन अधिकारी, अल्मोडा के पत्र संख्या 7355/ए0आर0ए0/2026–27 दिनांक 05 सितम्बर, 2026 के द्वारा निर्वाचन अधिकारी/उप जिलाधिकारी अल्मोडा ने जनपद में प्राकृतिक आपदा के दृष्टिगत उत्तराखण्ड सहकारी समिति नियमावली, 2004 के नियम 440 के तहत अपने पत्र दिनांक 05.09.2026 के माध्यम से जिला सहकारी बैंक लि0 अल्मोडा के निर्वाचन स्थगित किये जाने सन्दर्भ में अवगत कराते हुए मानसून सत्र 15.09.2026 के उपरांत जिला सहकारी बैंक लि0 अल्मोडा की निर्वाचन तिथियां प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया है।

प्राधिकरण कार्यालय को अल्मोडा जिला सहकारी बैंक लि0 के निर्वाचन सन्दर्भ में दिनांक 03.09.2026 तक सम्पन्न प्रक्रिया की दैनिक सूचना प्राप्त होने के आधार पर प्राधिकरण द्वारा सम्यक् विचारोपरांत उक्त समिति की निर्वाचन प्रक्रिया उत्तराखण्ड राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली, 2018 के नियम–18 में विनिर्दिष्ट प्राविधान ***"निर्वाचन प्रक्रिया उस प्रकम से, जहां पर रोका गया था, या जैसा कि प्राधिकरण विनिश्चय करे, प्रारम्भ की जायेगी,'*** के आलोक में दिनांक 05.09.2026 से होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया से सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः उत्तराखण्ड सहकारी समिति अधिनियम, 2003 एवं उत्तराखण्ड राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली, 2018 में सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड को प्रदत्त शक्तियों के अधीन **अल्मोडा जिला सहकारी बैंक लि0 अल्मोडा की प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों, सभापति, उपसभापति तथा अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन तिथि एवं कार्यक्रम** निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है।

### : निर्वाचन तिथि एवं कार्यक्रम :

| **1–प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों हेतु** | | | |
|---|---|---|---|
| **दिनांक** | **विवरण** | **स्थान** | **समय** |
| 21.09.2026 | नामांकन पत्रों की जांच व आपत्ति प्राप्त करना | समिति मुख्यालय | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 21.09.2026 | आपत्तियों का निराकरण | समिति मुख्यालय | अपराह्न 2:00 से 5:00 बजे तक |
| 21.09.2026 | वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन | समिति मुख्यालय | सांय 5:00 बजे |
| 22.09.2026 | नामांकन पत्र वापसी | समिति मुख्यालय | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |
| 22.09.2026 | अन्तिम वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन एंव चुनाव चिन्हों का आवंटन | समिति मुख्यालय | अपराह्न 2:00 बजे से |
| 25.09.2026 | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) | समिति मुख्यालय | प्रातः 10:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक |
| 25.09.2026 | मतगणना एंव निर्वाचन परिणाम की घोषणां | समिति मुख्यालय | मतदान समाप्त होने के पश्चात तुरन्त |
| **2–सभापति, उपसभापति एंव अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों हेतु** | | | |
| 26.09.2026 | सभापति, उपसभापति एंव अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के नामांकन पत्रों की बिकी एंव दाखिल करना | समिति मुख्यालय | प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| 26.09.2026 | प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच | समिति मुख्यालय | प्रातः 11:00 से अपराह्न 12:00 बजे तक |
| 26.09.2026 | नाम निर्देशन पत्रों का प्रदर्शन एंव आपत्तियां प्राप्त करना | समिति मुख्यालय | अपराह्न 12:00 से 12:30 बजे तक |
| 26.09.2026 | आपत्तियों का निराकरण | समिति मुख्यालय | अपराह्न 12:30 से 1:30 बजे तक |
| 26.09.2026 | नामांकन पत्र वापसी | समिति मुख्यालय | अपराह्न 2:00 से 3:00 बजे तक |
| 26.09.2026 | वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन एंव चुनाव चिन्हों का आवंटन | समिति मुख्यालय | सांय 3:30 बजे |
| 26.09.2026 | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) | समिति मुख्यालय | सांय 4:00 बज से 5:00 बजे तक |
| 26.09.2026 | मतगणना | समिति मुख्यालय | मतदान समाप्त होने के पश्चात तुरन्त |
| 26.09.2026 | निर्वाचन परिणाम घोषणा | समिति मुख्यालय | मतगणना के पश्चात तुरन्त |

(हंसा दत्त पाण्डे)
अध्यक्ष,
सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण
उत्तराखण्ड, देहरादून।

**कार्यालय सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण उत्तराखण्ड देहरादून।**

पत्रांक–806-13/ समि0 जि0स0बै0निर्वा0अधि0 / सह0नि0प्रा0/ 2026–27 दिनांक 16 सितम्बर 2026।

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सादर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव सहकारिता, उत्तराखण्ड शासन।
2. निबन्धक, सहकारी समितियां, उत्तराखण्ड।
3. जिला मजिस्ट्रेट/जिला सहकारी निर्वाचन अधिकारी, अल्मोडा।
4. मण्डलीय सहकारी निर्वाचन अधिकारी/उपनिबन्धक सहकारी समितियां, कुमाऊ मण्डल।
5. जिला सहायक निबन्धक/ जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी, अल्मोडा को व्यापक प्रचार प्रसार हेतु।
6. निर्वाचन अधिकारी, अल्मोडा जिला सहकारी बैंक लि0 अल्मोडा।
7. सचिव/महाप्रबन्धक, अल्मोडा जिला सहकारी बैंक लि0 अल्मोडा।
8. कार्यालय प्रति।

16/9/26

(एम0 पी0 त्रिपाठी)
सदस्य सचिव,
सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण
उत्तराखण्ड, देहरादून।